# न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर

## परिवाद संख्या 79 / 2025

राज्य सरकार जरिये खाद्य सुरक्षा अधिकारी
कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर

..........*प्रार्थी*

बनाम

1. श्री अजयभाई कवाथिया पुत्र श्री मनुभाई कवाथिया, मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।
2. श्री सुलिया विपुल भाई मनसुख भाई, मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।
3. मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।

........*अप्रार्थी*

**खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा**
**26 की उप धारा (2) (II) एवं धारा 58 के तहत**

उपस्थित : अप्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थी संख्या 1 श्री अजयभाई कवाथिया

**–: आदेश :–**

**दिनांक– 17.10.2025**

शासन उप सचिव, कार्मिक विभाग राजस्थान सरकार, जयपुर द्वारा जारी अधिसूचना क्रमांक प.1(2) कार्मिक / क–4 / 08 दिंनाक 05.04.2012 के द्वारा खाद्य सुरक्षा मानक अधिनियम 2006 की धारा 68 की उपधारा 1 के तहत प्रदत्त शक्तियो का प्रयोग करते हुए जिलो मे कार्यरत अति. जिला मजिस्ट्रेट को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अन्तर्गत उनके अधीनस्थ कार्य क्षेत्र मे लिए न्याय निर्णयन अधिकारी नियुक्त किये जाने के फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर ने अप्रार्थी के विरूद्ध एक परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया कि अप्रार्थी ने Contravention To Regulation मिक्स मसाला का विक्रय करके खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (II) का उल्लंघन किया है, जिसके फलस्वरूप खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 की धारा 58 मे जुर्माना निर्धारित हैं। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद के साथ न्याय निर्णय आवेदन, हाजरी माफी, गजट नोटिफिकेशन की प्रति, कार्य क्षेत्र नोटिफिकेशन की प्रति, पदस्थापन आदेश की प्रति, मौका फर्द, प्रपत्र 5ए, कैश मीमो, प्रपत्र 6 की जमा करवाने की प्रति, विक्रेता को दिया गया नोटिस, जाँच रिपोर्ट, विक्रेता द्वारा प्रस्तुत दस्तावेज, अभियोजन स्वीकृति बाबत पत्र, अभियोजन स्वीकृत पत्र की प्रतियाँ संलग्न कर प्रस्तुत की गयी।

न्याय निर्णायक अधिकारी
अजमेर

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

न्यायालय हाजा मे प्रस्तुत परिवाद के अनुसार दिनांक 08.03.2025 को 01:00 पीएम पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास तहसील पीसांगन जिला अजमेर पर निरीक्षण हेतु पहुँचे। विक्रेता की हैसियत से श्री अजय भाई कवाथिया मौके पर उपस्थित मिले। विक्रेता से वर्ष 2025 का खाद्य अनुज्ञा पत्र मांगा जो उसके पास मौके पर उपलब्ध था। खाद्य सुरक्षा अधिकारी को निरीक्षण के समय 50–50 किलोग्राम के कुल 10 प्लास्टिक कट्टे मिक्स मसाला (जिनसे कुरकुरे नमकीन तैयार की जा रही थी) आम जनता कों विक्रय हेतु रखा हुआ मिला। उक्त मिक्स मसाला में मिलावट का शक होने पर उनमे से नमूना जॉच हेतु 02 किलोग्राम मिक्स मसाला 400/– रूपयें श्री अजय भाई कवाथिया को नगद देकर गवाह श्री आनन्द कुमार के समक्ष क्रय किया जाकर खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मौके पर फार्म नम्बर 5ए की प्रतियां एवं फर्द रिपोर्ट तैयार करके इसकी एक प्रति अप्रार्थी श्री अजय भाई कवाथिया को सम्भलाकर रसीद प्राप्त की। खरीदशुदा मिक्स मसाला को चार साफ, सूखी, खुली प्लास्टिक की बोतल मे बराबर बराबर मात्रा में भरकर चार नमूने तैयार कर विक्रेता के सामने लेबल लगाये। चारों नमूनों को भूरे कागज में लपेट कर एवं गोन्द से चिपकाने के पश्चात लेबल पर अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर के हस्ताक्षरशुदा स्लिप नम्बर ए–4783 चिपकाने संबंधी कार्यवाही करने के बाद लिये गये नमूनों को अपने जाप्ते मे लेने के पश्चात् कार्यालय पहुँचकर फार्म नम्बर 6 की 6 प्रतियां तैयार करने एवं सील किये गये नमूने मे से एक नमूना फार्म संख्या 6 की प्रति के आउटर कवर में सीलबन्द कर, खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। दो फार्म नम्बर 6 की प्रति अलग से एक लिफाफे में बन्द कर चपड़ी से सील मोहर कर खाद्य विश्लेषक, जन स्वास्थ्य प्रयोगशाला अजमेर को स्वंय जमा कराकर रसीद प्राप्त की। शेष दो सील बन्द नमूना मय फार्म 6 की दो प्रतियों के आउटर कवर में सील बन्द कर तथा नमूने का चौथा भाग डीओ एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अजमेर को स्वयं ने जमा कराकर रसीद प्राप्त की।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने परिवाद मे यह भी उल्लेख किया है कि अभिहित अधिकारी अजमेर के पत्र क्रमांक एफएसएसए/2025/3033 दिनांक 30.04.2025 के संलग्न प्राप्त खाद्य विश्लेषक अजमेर से प्राप्त जॉच रिपोर्ट सं. एलएस/268/एक्ट/2025/288 दिंनांक 21.03.2025 के अनुसार विक्रेता द्वारा वास्ते जॉच विक्रय किया गया मिक्स मसाला Contravention To Regulation होना पाया गया। विक्रेता द्वारा द्वितीय जाँच अपील प्रस्तुत नहीं की गयी। इस आधार पर खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने समुचित कार्यवाही किये जाने का परिवाद इस न्यायालय मे दिनांक 25.08.2025 को प्रस्तुत किया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी से प्रकरण प्राप्त होने पर दिनांक 25.08.2025 को दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को विधिवत नोटिस जारी कर अपना पक्ष कार्यालय हाजा मे स्वयं या उनके प्रतिनिधि के माध्यम से प्रस्तुत करने हेतु पाबन्द किया गया।

नियत पेशी को अप्रार्थीगण की ओर से अप्रार्थी सं 1 श्री अजय भाई कवाथिया ने उपस्थित होकर लिखित प्रत्युत्तर प्रस्तुत किया एवं बहस का निवेदन किया। उनकी बहस सुनी गयी। अप्रार्थी ने निवेदन किया कि जाँच में उनकी फैक्ट्री से लिया गया मिक्स मसाला का नमूना अमानक पाया गया, जिसे हम बाजार से पैक लाकर हमारे यहाँ बने नमकीन, स्नेक्स में मिलाकर उपभोग व उपयोग में लाते है। यह मसाला हम नहीं बनाते है, मूल रूप से हम इसके लिए दोषी नहीं है अतः कम से कम जुर्माना लगाकर प्रकरण का निस्तारण करवाने का निवेदन किया।

हमने लिखित प्रत्युत्तर, पत्रावली एवं खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा दिये गये परिवाद का अवलोकन किया एवं बहस में वर्णित तथ्यों पर मनन किया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा प्रस्तुत किये गये परिवाद के संलग्न जाँच रिपोर्ट से यह स्पष्ट है कि अप्रार्थी द्वारा वास्ते नमूना जाँच हेतु विक्रय किया गया मिक्स मसाला में नमक की मात्रा 5 प्रतिशत से अधिक पायी गयी जो कि नमूने के सैम्पल पर घोषित नहीं किया गया हैजो

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर
सत्यमेव जयते

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

कि खाद्य सुरक्षा एवं मानक (फूड प्रोडक्टस स्टेण्डर्ड एवं फूड एडिटिव) मानक 2011 मानक संख्या 2.9.20(2)(5) तथा 2.9.20(2)(6) के अनुसार नहीं होने के कारण अधिनियम की धारा 58 के तहत Contravention To Regulation पाया गया है। जिसके लिए अप्रार्थी दोषी प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि अप्रार्थीगण खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 एवं नियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) के तहत Contravention To Regulation खाद्य पदार्थ बेचने का दोषी हैं। जिसके लिए उपरोक्त अधिनियम की धारा 58 में Contravention To Regulation खाद्य पदार्थ पाये जाने पर शास्ति आरोपित किये जाने का प्रावधान किया हुआ है। चूंकि अप्रार्थीगण द्वारा प्रथम अपराध कारित किया है, अतः अप्रार्थी को न्याय हित में इस चेतावनी के साथ उन्हें हिदायत दी जाती है कि वे भविष्य में इस प्रकार का अपराध पुनः कारित नहीं करेंगें। उपरोक्त प्रावधान को मद्वेनजर रखते हुए अप्रार्थीगण को जुर्माने के दण्ड से दण्डित किया जाना उचित प्रतीत होता है। अप्रार्थी द्वारा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 और विनियम 2011 की धारा 26 की उपधारा 2 (ii) का उल्लंघन करने एवं अपराध कारित होने के फलस्वरूप उक्त अधिनियम की धारा 58 के अन्तर्गत अप्रार्थीगण पर रु. कुल **5,000/– (पाँच हजार)** शास्ति आरोपित की जाती है।

अप्रार्थी उपरोक्त शास्ति राशि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर के नाम ई ग्रास चालान के माध्यम से निर्णय दिनांक 17.10.2025 के एक माह के अन्दर राजकोष में जमा कराकर रसीद प्राप्त करे।

निर्णय लिखाया जाकर आज दिनांक 17.10.2025 को खुले न्यायालय मे सुनाया गया।

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर सत्यमेव जयते

(ज्योति कक्वानी)
न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर

क्रमांक :सरिस्ता/अपर/2025/ दिनांक :

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–**

1. खाद्य सुरक्षा आयुक्त एवं निदेशक (जन.स्वा.) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, राजस्थान जयपुर।
2. अभिहित अधिकारी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी व स्वास्थ्य अधिकारी, अजमेर।
3. सयुक्त निदेशक चिकित्सा एवं स्वाथ्य सेवाऐं जोन अजमेर।
4. श्री अजयभाई कवाथिया पुत्र श्री मनुभाई कवाथिया, मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।
5. श्री सुलिया विपुल भाई मनसुख भाई, मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।
6. मैसर्स श्री स्वामी नारायण फूड्स प्रा. लि., एनएच–8, होटल अजमेर गेट के सामने, मांगलियावास, तहसील पीसांगन जिला अजमेर।

न्याय निर्णायक अधिकारी अजमेर सत्यमेव जयते

न्याय निर्णायक अधिकारी एवं
अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट अजमेर
अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) अजमेर